नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ............... दिनांक : 19.10.2019

## प्रकाशनार्थ

### (महाविद्यालय में आयोजित हुई महन्त दिग्विजयनाथ कैरम प्रतियोगिता)

आज दिनांक 19.10.2019 को महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड गोरखपुर में क्रीड़ा विभाग द्वारा महंत दिग्विजय नाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ राजेश शुक्ल ने किया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी. एड. विभाग से आकाश सिंह, अवनीश कुमार, अनुज कुमार श्रीवास्तव बी.कॉम. प्रथम वर्ष के सतीश कुमार वर्मा, बलराम यादव बी.एस.सी. भाग दो के अनमोल खरवार,एजाज अहमद बी.ए. भाग तीन की वंदना पाल, अरबाज अली बी.ए. भाग दो के विशाल यादव, अंशिका चौहान एम. कॉम द्वितीय वर्ष के कृष्ण कुमार सिंह तथा भक्त प्रहलाद आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्रा वर्ग में बी. ए. भाग दो की अंशिका चौहान विजेता तथा बी.ए. भाग तीन की वंदना पाल उपविजेता रहीं। छात्र वर्ग में बी.कॉम. भाग एक के सतीश वर्मा विजेता तथा बी.एस. भाग दो के अनमोल खरवार उपविजेता रहे। विजयी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन करते हुए डॉ राजेश शुक्ल ने कहा कि खेल तथा व्यायाम शरीर के साथ.साथ मस्तिष्क को सुदृढ़ करते हैं। प्रतिभागियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं यह शिक्षा के साथ.साथ विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं, प्रतिभा को निखारने के लिये प्रेरक का कार्य करते हैं । इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने कहा कि शिक्षा हो या खेल अभ्यास द्वारा ही परिपक्वता लाई जा सकती है। व्यक्ति का जीवन संघर्ष से आरम्भ होकर संतुष्टि के साथ अन्त होता है। असफलता सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है उससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है इसलिये प्रतिभागियों को आपस मे किसी प्रकार का मनमुटाव या द्वंद्व नहीं रखना चाहिए। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में क्रीड़ा विभाग के सदस्य डॉ बृज भूषण लाल तथा श्रीमती प्रियंका मिश्रा भी उपस्थित रहीं।

Rajesh

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

डॉ. राजेश शुक्ल